अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - *मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 348 | इंदौर, गुरुवार 03 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## PM मोदी को घाना का सर्वोच्च सम्मान दिया गया

**दोनों देशों में 4 समझौते हुए**

### मोदी बोले- भारत-घाना मिलकर आतंकवाद के खिलाफ काम करेंगे



एक्रॉ, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को घाना का सर्वोच्च सम्मान 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों देशों ने 4 अलग-अलग समझौते (MoU) साइन किए। सर्वोच्च सम्मान पर PM मोदी ने कहा- घाना से सम्मानित होना मेरे के लिए गर्व की बात है। इससे पहले उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया। मोदी ने कहा कि भारत और घाना आतंकवाद को मानवता का दुश्मन मानते हैं और इसके खिलाफ मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है, बल्कि बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए समस्याओं का हल होना चाहिए। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र (UN) में सुधारों पर एकमत हैं। इसके साथ ही दोनों ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई। PM मोदी ने कहा- 'भारत और घाना के बीच व्यापार 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है और अगले 5 साल में इसे दोगुना करने टारगेट है।' उन्होंने घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा को भारत आने का न्योता दिया।

## बारिश से अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी

नई दिल्ली, एजेंसी। मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगों की आवाजाही बंद कर दी है। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला

# भोपाल में बनेगा आधुनिक प्रशासनिक पावर जोन, सतपुड़ा-विंध्याचल भवन होंगे री-डेवलप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी भोपाल के अरेरा हिल्स क्षेत्र में एक आधुनिक और ऊर्जा-संवेदनशील प्रशासनिक परिसर तैयार किया जाएगा, जिसे दिल्ली के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को साधिकार समिति ने स्वीकृति दे दी है। यह कार्य मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में उपयोग हो रहे सतपुड़ा और विंध्याचल भवनों को नए भवन बनने के बाद ही गिराया जाएगा, ताकि सरकारी कामकाज में कोई व्यवधान न आए। वल्लभ भवन के समीप नए भवनों के निर्माण के बाद ही विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने नगर निगम और कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि अरेरा हिल्स क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों का जल्द से जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, हाउसिंग बोर्ड को निर्देशित किया गया है कि 15 दिन के भीतर यह तय करें कि किन विभागों को नए भवन में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके लिए विभागाध्यक्षों से चर्चा की जाएगी। बोर्ड को आगामी दो माह में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करनी होगी।**




### ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा पर होगा विकास

मुख्य सचिव ने सुझाव दिया है कि नए भवन "ग्रीन बिल्डिंग" अवधारणा पर आधारित हों, जिससे ऊर्जा की खपत न्यूनतम हो। यह संपूर्ण योजना अगले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है।

### लोगों की सुविधा के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और पाथ-वे

इस प्रशासनिक जोन को भोपाल मेट्रो के ऑरेंज और ब्लू रूट से जोड़ा जाएगा। क्षेत्र में लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए कवर पाथ-वे बनाए जाएंगे, जिनमें हॉकर्स कॉर्नर और साप्ताहिक बाजार जैसी व्यवस्थाएं भी होंगी।

### स्मार्ट ट्रैफिक और वीआईपी मूवमेंट के लिए अलग व्यवस्था

नई योजना में हर सड़क की स्मार्ट प्लानिंग होगी। वीआईपी मूवमेंट के लिए अलग लेन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मौजूदा भवनों के बाहर की सड़कों पर होने वाली गाड़ियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था बनाई जाएगी।

**रिश्तों में लौटी नई उमंग**

# कलेक्टर कार्यालय के मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से पारिवारिक संपत्ति विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर के शिवाजी नगर क्षेत्र में रहने वाले दो भाई-बहन - श्रीमती साधना मस्के और श्री मिलिंद आगवान - के बीच वर्षों से पारिवारिक संपत्ति को लेकर चला आ रहा विवाद अंततः सुलझ गया। इस विवाद का समाधान उच्च न्यायालय के सहयोग से कलेक्टर कार्यालय में स्थापित मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से कराया गया। यह समझौता पारिवारिक समरसता, कानूनी जागरूकता और मध्यस्थता व्यवस्था की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गया है।**

शिवाजी नगर स्थित एक मकान की संपत्ति मिलिंद और साधना के पिता स्वर्गीय तुकाराम आगवान के नाम थी, जो उनके निधन के बाद उनके दोनों भाई-बहन के बीच विवाद का कारण बन गई थी। वर्षों से इस मकान के स्वामित्व को लेकर असहमति बनी हुई थी, जिससे दोनों पक्षों के रिश्तों में खटास आ गई थी।

श्रीमती साधना मस्के द्वारा कलेक्टर श्री आशीष सिंह को जनसुनवाई में अपने विवाद निराकरण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने यह आवेदन निराकरण के लिए मध्यस्थता केन्द्र को भेजा। केन्द्र द्वारा दोनों पक्षों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। कई दौर की शांतिपूर्ण बातचीत के बाद, दोनों भाई-बहन आपसी सहमति पर पहुँचे। भाई ने संपत्ति का हक त्याग किया। समझौते के अनुसार, उक्त संपत्ति का स्वामित्व साधना मस्के के नाम स्थानांतरित किया गया तथा इसके बदले में उन्होंने अपने भाई श्री मिलिंद आगवान को 7 लाख 50 हजार रुपये की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की।

समझौते के अनुसार मिलिंद आगवान भविष्य में उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा नहीं करेंगे। समझौते की वैधता हेतु दोनों पक्षों ने पूर्ण स्वेच्छा और संतोष के साथ दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए। समझौता कराने में मध्यस्थता केन्द्र के सदस्य श्री दिलीप गर्ग, हेमराज वाड़िया, श्री पुरूषोत्तम यादव, दीप्ति शेरे आदि का योगदान रहा। इस समझौते के माध्यम से सिर्फ एक कानूनी विवाद का अंत नहीं हुआ, बल्कि भाई-बहन के बीच वर्षों बाद स्नेह, संवाद और विश्वास की वापसी हुई। यह दर्शाता है कि परिवारों में होने वाले संपत्ति विवादों को भी शांति, सहमति और उचित मार्गदर्शन से सुलझाया जा सकता है।

इस सफलता में इंदौर जिला प्रशासन, मध्यस्थता समिति तथा उच्च न्यायालय के निर्देशों की अहम भूमिका रही। कलेक्टर कार्यालय स्थित मध्यस्थता केंद्र ने एक शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित कर न सिर्फ न्याय सुलभ किया बल्कि पारिवारिक रिश्तों को भी टूटने से बचाया। यह एक उदाहरण है कि कानूनी व्यवस्था के सहयोग से पारिवारिक विवादों का समाधान केवल अदालतों में नहीं, संवाद और समझौते से भी संभव है। यह पहल समाज में सौहार्द और न्याय की नई मिसाल पेश करती है।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर कलेक्टर कार्यालय में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र के उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे है। इस केन्द्र में अभी तक 585 आवेदन समझौते के लिये भेजे गये। इसमें से 310 आवेदनों का समझौतों के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में 141 प्रकरण अन्य न्यायालयों में प्रचलित है। शेष प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई जारी है।

# इंदौर से कभी किसी नेता को नहीं मिला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी हो गई है। क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से छिंदवाड़ा बेल्ट का पलड़ा भारी रहा। अब तक सबसे ज्यादा आठ बार मालवा निमाड़ से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चुने जा चुके हैं, लेकिन मालवा निमाड़ के सबसे बड़े शहर इंदौर से कभी भी भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष नहीं चुना गया, जबकि इंदौर ने भाजपा को कई बड़े नेता दिए, जो केंद्र की राजनीति में भी चमके, लेकिन कभी प्रदेश अध्यक्ष नहीं बन सके।**




विधानसभा चुनाव के समय प्रदेश भाजपा में बदलाव की खूब चर्चा थी। तब इंदौर के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय का नाम भी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में आगे था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने वीडी शर्मा पर भरोसा जताया। शर्मा का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब प्रदेश भाजपा को हेमंत खंडेलवाल के रूप में नया कप्तान मिला है। 15 साल पहले पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन का नाम भी प्रदेशाध्यक्ष के लिए चला था, लेकिन वे भी नहीं बन पाईं। इंदौर से राजेंद्र धारकर, कृष्णमुरारी मोघे जैसे नेता संगठन और सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहे, लेकिन वे भी प्रदेशाध्यक्ष नहीं बन पाए। हालांकि, इंदौर के पड़ोसी जिले धार से विक्रम वर्मा और उज्जैन से सत्यनारायण जटिया प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा खंडवा के नंदकुमार चौहान को भी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने का मौका मिला। इस बार क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से इंदौर या मालवा निमाड़ को यह मौका नहीं मिलने वाला था, क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मालवा के उज्जैन से नाता है।

## इंदौर "जिला विकास पुस्तिका 2024" का विमोचन

### विकास के विविध पहलुओं का समेकित दस्तावेज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में संभागीय योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय इंदौर द्वारा प्रकाशित 'जिला विकास पुस्तिका 2024' एवं 'जिले के प्रमुख आंकड़े 2024' पुस्तिकाओं का विमोचन किया। यह पुस्तिका जिला योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे द्वारा तैयार की गई है।

यह प्रकाशन इंदौर जिले के विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों - जैसे आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, ऊर्जा और नागरिक अधिकार से संबंधित सूचनाओं का तुलनात्मक एवं तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। पुस्तिकाओं में तीन वर्षों की विभागीय जानकारी, जिले की महत्वपूर्ण जानकारियां आदि का समेकन किया गया है, जो नीति निर्धारण, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाकारों, शोधकर्ताओं आदि के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होंगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों एवं योजना कार्यालय की टीम को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रकाशन उपयोगकर्ताओं के लिए मूल्यवान संदर्भ सामग्री के रूप में बेहद उपयोगी होगा।

## रिकॉर्ड जला, अफसरों ने जानवरों के सिर मढ़ा जुर्म, क्या चूहे और गिलहरी भरेंगे जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बिजली कंपनी वाले बत्ती गुल होने पर कबूतर, तोता, कौवा, चिड़िया, चमगादड़ और कोयल यानी पक्षियों को गुनाहगार बताते हैं, तो मध्य प्रदेश के इंदौर नगर निगम के अफसर आग लगने के पीछे चूहे और गिलहरी को। आईटी विभाग में महीने भर पहले लगी आग की जांच करने के लिए कमिश्नर ने जानकार अफसरों की टीम से पड़ताल को कहा था। रिपोर्ट में इंसानी चूक की बजाए जानवरों के माथे जुर्म मढ़ दिया है। नगर निगम के आईटी विभाग में 29 मई को लगी आग की जांच रिपोर्ट सामने आ गई। प्रारंभिक तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट को माना, लेकिन हैरानी यह है कि जांच में चूहे और गिलहरी को भी जिम्मेदार ठहराया।**



जांच रिपोर्ट में कहा गया कि आईटी विभाग का भवन पुराना है, जिससे दीवारों में पानी रिसाव की समस्या है। भवन में पीओपी की परत है और वायरिंग पुरानी है। आशंका है चूहों या गिलहरियों ने वायरिंग कुतर दी, जिससे स्पार्किंग हुई। चिंगारी पीओपी, पीवीसी और लकड़ी के संपर्क में आई, जिससे आग भड़क उठी। नगर निगम के आईटी रूम में लगी आग की जांच के लिए 4 सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। टीम की जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा किया कि चूहे और गिलहरी की वजह से आग लगी थी। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद इस पर सियासत शुरू हो चुकी है। निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि भाजपा के चूहे और गिलहरियों ने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड को खत्म करने के लिए आग लगा दिया। तो वहीं इस पर निगम एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जिस गिलहरी और चूहे का जिक्र किया गया है ये निगम के अधिकारी हैं। इनका इलाज बहुत जरूरी है। हालांकि कांग्रेस भाजपा पर इस जांच रिपोर्ट को लेकर हमलावर है, तो भाजपा ने इस पूरी घटना के लिए निगम के अधिकारियों कोई दोषी ठहरा दिया है। समिति ने सर्वर रूम के सीसीटीवी फुटेज जांचें। रिपोर्ट के मुताबिक मेंटेनेंस रूम और सर्वर रूम में लकड़ी की पार्टीशन वॉल के ऊपर पीओपी में फॉल्ट हुआ, जिससे चिंगारी गिरी और फर्नीचर-कंप्यूटर ने आग पकड़ ली। रात करीब 3 बजे आग तेजी से फैली। पुराने प्रिंटर और कंप्यूटर में धमाके होने लगे। रात 3:10 बजे तक की रिकॉर्डिंग में कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस में धमाकों के बाद आग फैलने की पुष्टि हुई। आईटी विभाग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डाटा स्टोर था। इसके बावजूद पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे।

# रेस्क्यू किए भिक्षुक बना रहे गणेश प्रतिमाएं

### 2 माह पहले ही तैयार कर ली 7 हजार ईको फ्रेंडली मूर्तियां

**इंदौर। इंदौर से रेस्क्यू किए गए 27 भिक्षुक अब सुंदर गणेश प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हैं। ये कभी नशे के आदी थे। अपराधों में भी लिप्त रहे हैं। कुछ मानसिक बीमार भी थे। रेस्क्यू के बाद एक संस्था के माध्यम से इनका इलाज कराया गया।**

फिर जीने के तौर-तरीके सिखाकर रोजगार की ओर प्रेरित किया गया। नतीजा यह निकला कि गणेश उत्सव शुरू होने के 2 माह पहले ही भिक्षुकों ने अब तक 7 हजार से ज्यादा गणेश प्रतिमाएं तैयार कर ली हैं। परदेशीपुरा स्थित संस्था 'प्रवेश' में तैयार हुई ये प्रतिमाएं ईको फ्रेंडली हैं, जिन्हें गोशालाओं के गोबर से बनाया गया है। अलग-अलग आकार की ये गणेश प्रतिमाएं वजन में बहुत हल्की और खूबसूरत हैं।





इंदौर जिला प्रशासन ने 2022 से संस्था 'प्रवेश' को भिखारियों का रेस्क्यू कर पुनर्वास करने का जिम्मा दिया है। 3 साल से संस्था रेस्क्यू में जुटी थी। इस बार 2025 में कलेक्टर आशीष सिंह के भी स्पष्ट निर्देश थे कि शहर को भिक्षुक मुक्त बनाना ही है। इसके बाद तेजी से भिक्षुकों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। दरअसल, बीते सालों में 5 हजार से ज्यादा भिक्षुकों को पकड़ा गया। इनमें से 2 हजार से ज्यादा इंदौर के बाहर के थे। उन्हें मंदिरों, सड़कों, चौराहों, मेले के बाहर से रेस्क्यू कर उनके मूल स्थानों पर भेजा गया। करीब 480 पारदी और नाथ समाज के लोगों को घर भेजा गया। 2520 भिक्षुकों को पुनर्वास के लिए केंद्र पर लाया गया। प्रवेश संस्था की अध्यक्ष रुपाली जैन ने बताया कि केंद्र पर अभी 93 भिक्षुक हैं। इन्हें रोजगार मिले इसके मद्देनजर ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्लान तैयार किया गया। इसमें चुनौती उन भिक्षुकों की थी जो पहले मानसिक रूप से विक्षिप्त थे और अब पहले से ठीक हैं। उन्हें प्रेरित और तैयार कर गोबर की गणेश प्रतिमाएं बनवाने का निर्णय लिया गया।

# शासकीय कार्यों में नवाचार लाने के लिए इंदौर में होगा 'हैकथॉन' का आयोजन

## आईटी और एआई विशेषज्ञ देंगे सुझाव, स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत होगा कार्यक्रम

◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर जिला प्रशासन अब शासकीय कामकाज को अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितैषी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत एक 'हैकथॉन' आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई समयसीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) तथा अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक में दी गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि इस हैकथॉन में आईटी और एआई क्षेत्र के विशेषज्ञ, नवाचारकर्ता और तकनीकी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय कामकाज में तकनीकी नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि हैकथॉन का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में तकनीकी समाधान तलाशना है। कार्यक्रम के माध्यम से अवैध निर्माण को रोकने, सतत निगरानी, जनसुनवाई प्रणाली को प्रभावी बनाने और साइबर फ्रॉड की रोकथाम जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव और समाधान आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर में शासन की कई योजनाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही हैं और इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार आवश्यक हैं। हैकथॉन के माध्यम से स्मार्ट और सुरक्षित इंदौर की दिशा में प्रशासन ठोस पहल करेगा। यह हैकथॉन न केवल तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जनहित सुनिश्चित करने की दिशा एक बड़ी पहल है।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, आईडीए के सीईओ श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समग्र आईडी के ई-केवाईसी कार्य को गति देने, भिक्षा मुक्त अभियान को और सशक्त बनाने तथा अवैध स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में बताया कि जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक कर ई-केवाईसी किए जाने का कार्य तेज़ी से चल रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि डुप्लीकेट या गलत समग्र आईडी को तत्काल हटाया जाए और नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपनी समग्र आईडी का ई-केवाईसी करवाएं। जिले में अब तक 4 लाख डुप्लीकेट ई-केवाईसी हटाई जा चुकी हैं। कलेक्टर ने भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान को और गति देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में अवैध रूप से संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही पालकों को जागरूक किया जाए कि वे अपने बच्चों को केवल अधिकृत वाहनों से ही स्कूल भेजें।

## सुगम मतदान हेतु जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटी का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान हेतु जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इस कमेटी के अध्यक्ष रहेंगे।**

कमेटी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी स्वीप, जिला शिक्षा अधिकारी, अपर आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जिला स्तरीय दिव्यांगजन सलाहकार समिति के सदस्य श्री ज्ञानेंद्र पुरोहित, 56 दुकान संगठन के अध्यक्ष श्री गुंजन शर्मा, महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ की डॉ. डॉली जोशी, सुश्री पूजा गर्ग अग्रवाल, प्रशासकीय अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, श्री यश पाराशर संस्थापक निराश्रित सेवा आश्रम इंदौर तथा सुश्री संध्या घावरी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस कमेटी में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सदस्य सचिव रहेंगे। यह कमेटी दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के सुगम्य मतदान करने हेतु अपेक्षित सुझाव देने, मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

### नगर निगम ने जारी किया संशोधित पत्र : लिखा-

## कर्बला मैदान की जगह धोबी घाट मैदान पढ़ा जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लालबाग के पास नगर निगम की जमीन पर तीन दिन मेले की अनुमति पर कर्बला मैदान लिखे जाने की भूल को नगर निगम ने सुधार लिया है। नगर निगम ने इसे लेकर संशोधित लेटर जारी किया। जिसमें लिखा है कि त्रुटि वश धोबी घाट मैदान की जगह कर्बला मैदान अंकित हो गया था। उक्त अनुमति में मेला स्थान और ताजिए ठंडे करने के स्थान को धोबी घाट मैदान ही पढ़ा जाए। अनुमति की शेष शर्तें पूर्वानुसार ही रहेगी। ये संशोधित पत्र बुधवार को जारी किया गया।**



बता दें कि मंगलवार को नगर निगम की जमीन पर मेले की अनुमति और स्लिप पर मेले के स्थान के कर्बला मैदान लिखने पर हनुमान चौक धोबी घाट मैदान रक्षा समिति के बैनर तले लोगों ने प्रदर्शन किया था। उन्होंने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की थी। साथ ही इस बात पर आपत्ति ली थी कि जब ये जगह नगर निगम को मिल चुकी है तो मेले की अनुमति देने में कर्बला मैदान क्यों लिखा गया। प्रदर्शन करने वालों ने आगे भी प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

इस मामले में बुधवार को नगर निगम की तरफ से एक संशोधित पत्र जारी किया गया है। जिसमें लिखा है कि मोहर्रम के पर्व पर 6 जुलाई से 8 जुलाई तक निगम स्वामित्व धोबीघाट मैदान की पूरी भूमि में से केवल 3 एकड़ खुली जमीन मोहर्रम मेला लगाने और मोहर्रम के ताजिए ठंडे किए जाने की अनुमति जारी की गई थी। उक्त जारी अनुमति में मेला स्थान त्रुटि के कारण धोबी घाट मैदान के स्थान पर कर्बला मैदान अंकित हो जाने से उक्त अनुमति में मेला स्थान व ताजिए ठंडे करने के स्थान को धोबी घाट मैदान पढ़ा जाए। अनुमति पत्र में शेष शर्तें पूर्वानुसार रहेंगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अदालत के निर्णय के बाद धोबीघाट मैदान का स्वामित्व अब नगर निगम के पास है और इस भूमि का उपयोग नगर निगम के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। इस निर्णय से मेले आयोजकों को एक स्पष्ट प्रक्रिया का पालन करना होगा। ज्ञात हो कि इंदौर के वर्षों पुराने विवाद और लंबे कानूनी संघर्ष के बाद धोबीघाट मैदान की 6.70 एकड़ जमीन पर इंदौर नगर निगम ने अपना स्वामित्व स्थापित किया है। यह निर्णय जिला न्यायालय ने सितंबर 2024 में सुनाया, जिसमें नगर निगम को धोबीघाट भूमि का वैध मालिक घोषित किया गया।

## आगामी 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन होगा

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राज्य में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, उद्योग, निवेश, रियल स्टेट, इन्फ्रोस्ट्रक्चर आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। श्री भोंडवे ने बताया कि अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कॉन्क्लेव में होटल इंडस्ट्री, पर्यटन, उद्योग, रियल स्टेट, इन्फ्रा स्ट्रक्चर आदि से जुड़े देशभर के 1500 से अधिक उद्योगपति, कॉर्पोरेट एवं उनके प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन में एक प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी, जिसमें क्रेडाई, होटल इंडस्ट्री, टूरिज्म, इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, मैट्रो, हुडको, एलआईसी, हाउसिंग बोर्ड आदि संस्थाओं के कार्यों को प्रदर्शित किया जायेगा। आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योगपतियों से चर्चा भी करेंगे।**

वीडियो कॉन्फ्रेंस में इंदौर से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, आईडीए के अधिकारी श्री सुदीप मीणा, इंजीनियर श्री अनिल कुमार जोशी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रिया पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका चौरसिया, मध्य प्रदेश होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुमित सूरी, सीआईआई के एक्जीक्यूटीव श्री ऋतिक अरगल आदि शामिल हुए।

# स्मार्ट मीटर लगवाएं और 20 प्रतिशत सस्ती बिजली पाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए साल भर चलाएं मेंटीनेंस गतिविधियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली सबकी जरूरत है। सबको जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए।**

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को मिलने वाले लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें उपभोक्ता को खुद की खपत का आंकलन कर ऊर्जा का अपनी सुविधानुसार उपयोग कर अपने बिजली बिल की राशि को कम से कम करने की सुविधा भी मिलती है। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर लगाने की गति को और तेज करने के निर्देश दिये। बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मई-जून में विभिन्न स्थानों पर हुए विद्युत अवरोधों पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए साल भर मेंटीनेंस गतिविधियां चलाई जाएं, ताकि आंधी, पानी या अन्य किसी घटना के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस गतिविधियों में नई एप्रोच के साथ नए उपाय किए जाएं। नये उपकरण क्रय किये जाएं। जहां घने पेड़ हैं, उनके नीचे से गुजरने वाले बिजली के तारों में कोटिंग कराएं। पॉवर-लाईन लॉसेस कम से कम करें और ऊर्जा की बचत के सभी तरीकों पर गंभीरता से अमल करें।



### विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरेलू हो या औद्योगिक सभी जगह विद्युत का उपयोग बढ़ रहा है। इसलिए घरेलू और औद्योगिक संस्थानों को सोलर पॉवर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे उपभोक्ता अपनी बिजली स्वयं पैदा कर अतिरिक्त बिजली बेच भी सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में विद्युत उपयोग को भी सोलर पॉवर से चलित पम्पों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जरूरत वाले जिलों में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट की स्थापना के लिए विभागीय नीति तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर प्रयास करें।

## आवासीय परिसर में गैर घरेलू गतिविधियां होने पर व्यवसायिक कनेक्शन की सलाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भोपाल, एजेंसी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट हॉस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियां जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल https://saralsanyojan.mpcz.in:8888/apply/other/services अथवा UPAY app के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए विद्युत कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू लाइट और फैन का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। कंपनी ने बताया कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा।

## प्रदेश में 27 जिलों में पानी गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। जिसके चलते बुधवार को भोपाल समेत प्रदेश के 27 जिलों में पानी गिरा। मौसम विभाग के अनुसार शिवपुरी, उज्जैन, रतलाम और नौगांव में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। बड़वानी, मऊगंज, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, सीहोर, शहडोल, बैतूल, भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, श्योपुर, मंडला, सागर, सतना, सीधी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा में भी दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही।

## 341 सिलेंडर से भरा ट्रक सड़क में धंसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट रीवा, एजेंसी। बारिश के बाद रीवा जिले में सड़कों की हालत खराब हो गई है। बुधवार को ललपा इलाके में निर्माणाधीन सड़क धंसने से सिलेंडर से भरा एक ट्रक जमीन में धंस गया। ट्रक में 341 भरे हुए एलपीजी सिलेंडर लोड थे। घटना के 15 घंटे बाद भी प्रशासन की कोई मदद नहीं पहुंची थी, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया गया कि ट्रक सतना से सीधी जा रहा था। ललपा में निर्माणाधीन सड़क पर कोई चेतावनी बोर्ड या संकेतक नहीं लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी की लापरवाही से यह स्थिति बनी।

## 18 आयुर्वेद कॉलेजों को मिली मान्यता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय आयुष मंत्रालय और नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) नई दिल्ली ने सत्र 2025-26 के लिए मध्यप्रदेश के 18 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर के 7 शासकीय आयुर्वेद कॉलेज और 11 निजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। एनसीआईएसएम ने देश में दूसरे नंबर पर मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों को मान्यता दी है। हालांकि, प्रदेश के 16 अन्य कॉलेजों सहित देशभर के 482 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी है।

## मान्यता दिलाने की 55 लाख रिश्वत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के लिए 55 लाख रुपए घूस लेने के मामले में 3 डॉक्टर समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सिलसिले में सीबीआई ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। मामला रायपुर में नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज से जुड़ा है। मंगलवार को रंगे हाथ गिरफ्तार आरोपियों में डॉ. मंजप्पा सीएन, डॉ. अशोक शेलके, डॉ. सतीश ए, डॉ. चैत्रा एमएस और उनके पति रविचंद्रन समेत अतुल कुमार तिवारी शामिल हैं।

# सड़क के गड्ढों के लिए एप पर 7800 शिकायतें आईं और तुरंत हो गई मरम्मत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में यदि आप सड़क के गड्ढों से परेशान हैं तो तुरंत अपने मोबाइल पर यह एप डाउनलोड कर लीजिए। इस एप पर शिकायत भेजते ही सड़क की मरम्मत कर दी जाएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह लोकपथ मोबाइल ऐप विकसित किया गया है जिसने अपनी पहली वर्षगांठ भी पूरी कर ली है।

बुधवार को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आंकड़ों से इस एप की सार्थकता प्रतिपादित की। उन्होंने बताया कि एप पर 7800 शिकायतें आईं जिनमें से अधिकांश का तुरंत समाधान कर दिया गया। एमपी में लोकपथ ऐप की शुरुआत 2 जुलाई 2024 को विधानसभा परिसर में की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था। ऐप ने अपने पहले ही वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 95 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतों का त्वरित समाधान कर दिया गया। करीब 1.5 लाख नागरिकों द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जा चुका है। ऐप की सफलता पर मंत्री राकेश सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए लोकपथ ऐप को जनभागीदारी आधारित डिजिटल गवर्नेंस का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले साल में ऐप के 5 लाख डाउनलोड सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।



# रिटायरमेंट के दिन डिप्टी रेंजर नौकरी से बर्खास्त

◆ मामला 18 लाख रूपये की अनियमितता का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम में रिटायरमेंट के दिन एक डिप्टी रेंजर को नौकरी से बर्खास्त किए जाने का मामला सामने आया है जो कि चर्चाओं का विषय बना हुआ है। सोमवार को डिप्टी रेंजर की विदाई का कार्यक्रम हुआ और उसी के कुछ देर बाद ही वन विभाग ने विभागीय जांच के आधार पर रिटायर होने वाले डिप्टी रेंजर को सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया। पूरा मामला 18 लाख रूपये की अनियमितता से जुड़ा हुआ है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरगोविंद मिश्रा को सोमवार को सेवानिवृत्त होना था। सुबह कार्यालय में उन्हें विदाई दी गई। इसके बाद दोपहर को प्रधान मुख्य वन संरक्षक आशोक कुमार चौहान ने उन्हें सेवा से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया। विभाग के मुताबिक डिप्टी रेंजर मिश्रा पर बानापुरा में पदस्थ के दौरान इकोसिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट में समितियों के 150 लोगों को भ्रमण पर ले जाना था। इस भ्रमण कार्यक्रम में लगभग 18 लाख रुपए की अनियमिता की शिकायत की गई थी। इसकी विभागीय जांच की जा रही थी। जांच के दौरान डिप्टी रेंजर मिश्रा को अपने बचाव में जबाव देने के लिए कहा गया था। उन्होंने 24 जून को अपना जबाव प्रस्तुत किया। इसके बाद विभाग ने 30 जून को उन्हें सेवा से अलग कर दिया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक नर्मदापुरम अशोक कुमार चौहान ने बताया कि डिप्टी रेंजर हरगोविंद मिश्रा को सेवा से पृथक किया गया है। उन पर ईको सिस्टम इंप्रूमेंट प्रोजेक्ट में 150 लोगों के भ्रमण कार्यक्रम में 18 लाख की अनियमितता का आरोप था। जांच में यह सही पाया गया। उन्हें बचाव में जबाव देने को कहा था। उन्होंने 24 जून को जबाव दिया था। सोमवार को सेवानिवृत्ति के दिन उन्हें सेवा से पृथक करने के आदेश जारी कर दिए गए।



# रेप का आरोपी पूर्व तहसीलदार बोला-धार्मिक यात्राएं की

### फरार होने के बीच कुंभ स्नान भी किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर के पूर्व तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान की बुधवार को कोर्ट में पेशी हुई। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। 2 दिन पहले सोमवार को चौहान ने जिला कोर्ट में जज सोनल सिंह जादौन की अदालत में सरेंडर किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे दो दिन की रिमांड पर लिया था, जो बुधवार को पूरी हो गई। दोपहर 1 बजे महिला थाना पुलिस आरोपी चौहान को कोर्ट में पेश करने पहुंची। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी से फरारी के साढ़े पांच महीने कैसे और कहां बिताए, इस बारे में पूछताछ की। पूछताछ में शत्रुघन सिंह ने बताया कि फरारी के दौरान वह प्रयागराज कुंभ गया, फिर चार धाम यात्रा की और लगातार अपनी अग्रिम जमानत के प्रयास में जुटा रहा। पुलिस ने इस दौरान आरोपी का डीएनए सैंपल भी लिया है। जब पुलिस अधिकारियों से पूछा गया कि यह टेस्ट बिना कोर्ट की अनुमति के कैसे किया गया, तो महिला थाना प्रभारी रश्मि भदौरिया ने बताया कि यदि आरोपी जेल में होता, तब कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती, लेकिन चूंकि वह पुलिस कस्टडी में है और मामला दुष्कर्म का है, इसलिए सैंपल लिया गया।

## संपादकीय


# क्या अमेरिका, पाकिस्तान को विनाशक हथियारों की सप्लाई करने वाला है?

पाकिस्तान वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने वॉशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है। ये मुलाकात उस वक्त हुई है जब कुछ ही दिन पहले पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले थे। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयर फोर्स और अमेरिकी अधिकारियों की मुलाकात में डिफेंस सेक्टर को लेकर कई महत्वपूर्ण बातचीत की गई है। जिसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिका, पाकिस्तान को विनाशक हथियारों की सप्लाई करने वाला है? करीब 10 सालों के बाद ऐसा हो रहा है कि पाकिस्तान का कोई वायुसेना प्रमुख अमेरिकी अधिकारियों से मिला हो। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरफोर्स चीफ के अमेरिका दौरे का मकसद रक्षा सहयोग को गहराई देना, हाई टेक्नोलॉजी सिस्टम पर बात करना और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। पेंटागन में हुई बैठकों में एयर चीफ सिद्धू ने अमेरिकी वायुसेना प्रमुख जनरल डेविड डब्ल्यू. ऑल्विन और अन्य सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक के दौरान अमेरिका और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों के बीच सैन्य अभ्यास, डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर बातचीत की गई है। पाकिस्तान एयरफोर्स के प्रमुख ने वॉशिंगटन में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों को बताया है कि 'पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है और उसने ग्लोबल टेरेरिज्म के खिलाफ काफी कुर्बानियां दी हैं।' इस दौरान पाकिस्तान एयरफोर्स प्रमुख की अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से भी मुलाकात हुई, जहां उन्होंने पाकिस्तान की भौगोलिक और सामरिक स्थिति को दक्षिण एशिया की स्थिरता के लिए अनिवार्य बताया है। इस दौरे के दौरान पता चला है कि दोनों देशों ने इंटरऑपरेबिलिटी यानी साझा सैन्य कार्रवाइयों में तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, डिफेंस टेक्नोलॉजी, और एडवांस एविएशन सिस्टम्स में संभावित साझेदारी के संकेत भी मिले हैं। अमेरिकी विदेश विभाग में पाकिस्तान वायु सेना प्रमुख ने राजनीतिक-सैन्य मामलों के ब्यूरो के ब्राउन एल. स्टेनली और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो से एरिक मेयर से मुलाकात की है।

### अर्ज़ किया है..!

*कभी कभी तो सुना है हिला*
*दिए हैं महल*
*हमारे ऐसे ग़रीबों की*
*इल्तिजाओं ने*

*- सलाम मछली शहरी*




## धर्म-कर्म

# घर की इस दिशा में लगाकर देखें क्रासुला का पौधा

### दोगुनी तेजी से होगी तरक्की, घर से गरीबी होगी दूर

वास्तुशास्त्र और हिंदू धर्म में क्रासुला के पौधे की विशेष मान्यता होती है। कहा जाता है कि इस पौधे को घर में लगाने से स्वामी कुबेरजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन की कई समस्याओं से निजात मिल सकती है। क्रासुला के पौधे को सौभाग्य, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में इस घर में लगाना बहुत फलदायी होता है, जिसे अंग्रेजी में मनी ट्री के नाम से भी जाना जाता है। इसके पीछे की वजह है कि यह प्लांट धन-दौलत में भी वृद्धि करता है। लेकिन वास्तुशास्त्र के अनुसार इसे सही दिशा में लगाना बेहद जरूरी होता है। अगर क्रासुला का पौधा गलत दिशा या स्थान पर लगा हो, तो इससे शुभ की बजाए अशुभ फल की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं क्रासुला का पौधा घर में लगाने की उत्तम दिशा और इससे जुड़े महत्वपूर्ण वास्तु नियम...

वास्तुशास्त्र के अनुसार, अगर क्रासुला के पौधे को घर में सही दिशा में लगाया जाए तो इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है। साथ ही, सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। मान्यता है कि इस पौधे को घर में लगाने से जातक को आर्थिक तंगी से निजात मिल सकती है और धन-दौलत में दोगुनी वृद्धि होने लगती है। अगर आप वास्तु के सभी नियमों का ख्याल रखते हुए क्रासुला का पौधा घर में लगाते हैं, तो इससे गरीबी दूर होती है और परिवार के सदस्यों की किस्मत भी चमक सकती है। माना जाता है कि इससे घर का माहौल खुशनुमा और शांति पूर्ण बना रहता है। साथ ही, परिवार के बीच चल रहे मनमुटाव भी इससे दूर होने लगते हैं और घर में सौभाग्य का आगमन होता है। इस पौधे को सही दिशा में लगाने से आपको वास्तु दोष से भी निजात मिल सकती है।

यह पौधा आपके जीवन से धन की कमी को दूर कर सकता है, लेकिन इसके लिए क्रासुला प्लांट को सही दिशा में लगाना बेहद महत्वपूर्ण होता है। वास्तु के अनुसार, क्रासुला के पौधे को घर में हमेशा उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इसके अलावा, आप उत्तर-पूर्व दिशा में भी इसे रख सकते हैं। इन दिशाओं को मनी ट्री लगाने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। ऐसा करने से परिवार के सदस्यों के जीवन से नकारात्मकता समाप्त होने लगती है और सभी पर भगवान कुबेर की कृपा बनी रहती है। इस पौधे को सही दिशा में लगाने से आपका भाग्य बदल सकता है और करियर में भी उन्नति हासिल होती है।

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में क्रासुला का पौधा लगाना बहुत शुभ होता है। लेकिन भूलकर भी ऐसा प्लांट घर में नहीं रखना चाहिए जो पूरी तरह सूख गया हो, या उसकी पत्तियां गल गई हों। ऐसा क्रासुला का पौधा घर में रखने से तनाव बढ़ सकता है। साथ ही, जातक को जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, अगर पौधे का विकास रुक गया हो तब भी उसे नहीं रखना चाहिए।

## Uttarpradesh

# हापुड़ में भीषण सड़क हादसा, गलत दिशा से आ रही कैंटर ने बाइक को रौंदा, चार बच्चों समेत पांच की मौत

**हापुड़, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पांच लोगों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया।

हापुड़ के हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास बुधवार रात साढ़े दस बजे के करीब भीषण हादसे में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में पिता और दो बेटियां भी शामिल हैं।



हापुड़ के मोहल्ला रफीकनगर निवासी राजमिस्त्री दानिश (36) अपनी दो बेटियों माहिरा (6), समायरा (5) के अलावा भाई सरताज के बेटे समर (8) और दोस्त रफीकनगर निवासी वकील के बेटे माहिम (8) को लेकर गुलावठी के गांव मिठेपुर गए थे। वहां पांचों ने बाग में स्थित स्विमिंगपूल में स्नान किया। इसके बाद रात साढ़े दस बजे के करीब बाइक में चारों बच्चों को बैठाकर दानिश वापस गांव आ रहे थे। हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास एक रांग साइड से आए कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार चार बच्चों समेत पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। ट्रक का चालक मौके से भाग गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची।

## New Delhi

# डांट लगाई तो नौकर ने कर दिया मां-बेटे का कत्ल, दिल्ली के लाजपत नगर में डबल मर्डर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (Delhi) के दक्षिण पूर्वी इलाके लाजपत नगर (Lajpat Nagar) में डबल मर्डर का मामला सामने आया है. बुधवार देर शाम धारदार हथियार से वारदात को अंजाद देते हुए मां और बेटे की एक साथ हत्या कर दी गई. घर में काम करने वाले नौकर में हत्या की बात कुबूल की है. वारदात को रात के वक्त अंजाम दिया गया, जब महिला का पति कुलदीप घर से बाहर था. घर दरवाजा बाहर से बंद होने की वजह से पुलिस बुलाई गई. दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर महिला और उसके बेटे की खून से लथपथ लाश मिली. जब दरवाजा तोड़े जाने के बाद महिला का पति और पुलिस की टीम घर के अंदर घुसी, तो अचंभित करने वाली स्थिति देखने को मिली. महिला का शव बेडरूम में मिला है, जबकि उनके बेटे का शव वॉशरूम से बरामद किया गया है. महिला का नाम रुचिका (42) है, जबकि बेटे का नाम कृष (14) है. पति के द्वारा शिकायत किए जान के बाद पुलिस मामले की तहकीकात करने पहुंची थी. दरअसल, जब महिला के पति कुलदीप जब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा बंद है और सीढ़ियों पर खून टपका हुआ है. इसके बाद महिला के उन्होंने बुधवार रात करीब 09.40 बजे पुलिस को फ़ोन किया. घर में काम करने वाले नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में नौकर ने बताया कि मालकिन ने डांटा था, इसलिए डबल मर्डर को अंजाम दिया है.

## Rajasthan

# मां ने बेटे को दुल्हन की तरह सजाया था; फिर कुछ देर में पूरे परिवार ने खुदकुशी कर ली; राजस्थान में दर्दनाक घटना

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के बाड़मेर में मंगलवार को पति-पत्नी और दो बच्चों ने एक साथ पानी के टैंक में कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इस दर्दनाक घटना के बाद कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आईं हैं जिन्हें देखकर लोग और भी गमगीन हो गए। मौत से कुछ देर पहले मां ने अपने बेटे को ना सिर्फ दुल्हन की तरह सजाया बल्कि उसे अपने गहने भी पहना दिए। अनहोनी से अनजान बच्चा भी दुल्हन के कपड़ों में हंसता और शर्माता रहा।

मां कविता ने बेटे रामदेव को दुल्हन बनाने में कोई कसर बांकी नहीं रखी। सिर पर दुपट्टा रखा। आंखों में काजल लगाया और सोने के गहने पहना दिए। फिर शर्माते हुए 'दुल्हन' की तस्वीरें कैमरे में कैद कीं। इसके कुछ देर बाद ही कविता (32), उनके पति शिवलाल मेघवाल और दो बच्चों बजरंग (9) और रामदेव (8) ने पानी की टंकी में कूदकर जान दे दी। घर से 20 मीटर दूर पानी के टैंक में उनकी लाशें तैरती मिलीं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्यों शिवलाल और कविता ने इस तरह का खौफनाक कदम उठाया।

## Uttarpradesh

# कांवड़ यात्रा: मेरठ रोड और एक्सप्रेसवे पर बंद होंगे भारी वाहन, वन वे होगा लागू

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** कांवड़ यात्रा की वजह से गाजियाबाद में 11 जुलाई से भारी वाहनों के डायवर्जन की तैयारी है। इस दिन से दिल्ली-मेरठ रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध प्रस्तावित है। वहीं, 15 जुलाई से इन मार्गों को वन-वे किया जा सकता है। इसके अलावा दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर डासना से मेरठ तक भी यही व्यवस्था लागू करने की योजना है। कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में अंतरराज्यीय स्तर पर समन्वयक बैठक हुई। इसमें कांवड़ यात्रा को लेकर की गईं तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही, पीपीटी के माध्यम से रूट डायवर्जन और प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 11 जुलाई से दिल्ली-मेरठ रोड और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के चौथे फेज (डासना से मेरठ) पर भारी वाहनों का संचालन बंद कर करने की तैयारी है। इस दौरान गंगनहर पटरी और पाइपलाइन मार्ग पर भी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद करने की योजना है। हालांकि, कांवड़ियों की संख्या देखते हुए तारीख में परिवर्तन किया जा सकता है।



## खेल

# जायसवाल शतक से चूके, गिल ने लगातार दूसरे टेस्ट में जड़ा सैकड़ा, पहले दिन भारत का स्कोर 310/5

**बर्मिंघम, (एजेंसी)** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन पांच विकेट खोकर 310 रन बना लिए हैं। बुधवार का खेल समाप्त होने तक शुभमन गिल 114 और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों के बीच 99 रनों की साझेदारी हो चुकी है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन पर खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।




भारत की पहली पारी झटके के साथ शुरू हुई। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें क्रिस वोक्स ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद यशस्वी जायसवाल को करुण नायर का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी हुई। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने करुण नायर को अपना शिकार बनाया। वह 50 गेंदों में पांच चौके की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद मोर्चा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने संभाला। दोनों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। सलामी बल्लेबाज जायसवाल 87 रन बनाकर आउट हो गए। वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्हें बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। जायसवाल के बाद गिल को पंत का साथ मिला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए कुछ अच्छे शॉट्स खेले और 47 रन जोड़े, लेकिन शोएब बशीर ने उपकप्तान को अपना शिकार बनाया। वह 42 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, इंग्लैंड की धरती पर अपना पहला मैच खेल रहे नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया।

गिल ने लीड्स के बाद एजबेस्टन टेस्ट में भी शतक जड़ दिया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक लगाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान ने 199 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में भी शतक लगाया था। उससे पहले 2024 में जब इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत आई थी, तब गिल ने धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में 110 रनों की पारी खेली थी। इस तरह गिल इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय बन गए। बतौर कप्तान भी गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दूसरा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए। उनसे पहले यह कारनामा विजय हजारे और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने किया था। दोनों ने क्रमशः दिल्ली और ब्रेबोर्न (1951-52) व लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड (1990) में यह कारनामा किया था।

## सिनेमा

# दीपिका पादुकोण ने रचा इतिहास, हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम 2026 की लिस्ट में एक्ट्रेस का नाम



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम 2026 के रूप में चुना गया है। दीपिका पादुकोण पहली ऐसी भारतीय एक्ट्रेस हैं जिन्हें मोशन पिक्चर कैटिगरी में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम क्लास 2026 में सम्मानित किया जाएगा। इस लिस्ट में नाम आने से दीपिका पादुकोण ने इतिहास रच दिया है। बुधवार को इस लिस्ट का ऐलान किया गया। इस लिस्ट में दुनियाभर की मशहूर पर्सनालिटीज का नाम शामिल है। हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बुधवार को इस लिस्ट का ऐलान किया। लिस्ट में दीपिका पादुकोण के नाम के साथ-साथ हॉलीवुड एक्ट्रेस एमिली ब्लंट, फ्रांसीसी एक्ट्रेस कोटिलार्ड, कनाडाई एक्ट्रेस रेचल मैकएडम्स, इतालवी एक्टर फ्रेंको नीरो और सेलिब्रिटी शेफ गॉर्डन रामसे का नाम शामिल है।हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वॉक ऑफ फेम सिलेक्शन पैनल ने 20 जून को सैंकड़ों नामों में से 35 नामों का चुना था। इसके बाद, 25 जून को चैंबर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस लिस्ट को मंजूरी दी। दीपिका पादुकोण लंबे समय से एक ट्रेंड सेट करने वाली एक्ट्रेस मानी जाती हैं। साल 2018 में दीपिका का नाम टाइम मैगजीन की 100 सबसे ज्यादा प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट में शामिल था।

# SBI classifies Anil Ambani-led Reliance Communications' loan account as 'fraud'. What does it mean?

Highlights

1. Dalai Lama says he will have a successor after death, rules out China's role in selection
2. Close aide of Rahul Gandhi: BJP on Himachal MLA who assaulted NHAI official
3. K'taka govt pasting stickers on homes without conducting caste survey: BJP
4. 1,000 kg beef seized in Assam after raids on 100 eateries, 132 held
5. Railway fare hike must be rolled back immediately: K'taka CM

**NEW DEIHI, (Agency).** The State Bank of India (SBI) has classified the loan account of Anil Ambani's Reliance Communications (RCom) as 'fraud', the bankrupt telecom company claimed. RCom filed a securities filing on Tuesday, disclosing the move of India's biggest lender. Last year, state-run Canara Bank also tagged the RCom loan account as 'fraud', a decision that the Bombay high court stayed.

Reliance Communications is part of the group led by Anil Ambani, the brother of India's richest person, Mukesh Ambani, who chairs the oil-to-telecoms conglomerate Reliance Industries. According to Reuters, Reliance Communications disclosed in April that as of March 2025, it had a total debt of ₹40,400 crore.

What does SBI tagging Anil Ambani's Reliance Communications loan account as 'fraud' mean?

Under Indian banking laws, once an account is reported



as fraudulent, it is referred to enforcement agencies for criminal action, and the borrower is barred from securing any more finance from banks and other regulated financial institutions for an initial period of five years.

The SBI classified the Reliance Communications loan account as 'fraud' after finding alleged diversion of loan funds in transactions dating back to 2026.

The SBI said it gave Anil Ambani and the company several chances in the past two years to respond to the allegations of fraud in loans taken out in 2016 from Indian banks that were subsequently classified as bad or non-performing, but found their replies "insufficient".

SBI's letter also said it would report Anil Ambani to the Reserve Bank of India, in compliance with Indian banking regulations. Ambani was a director of Reliance Communications, which is currently undergoing insolvency proceedings.

In the filing, Reliance Communications said that the insolvency proceedings protect it from orders by any other authority or court of law.

# Massive Microsoft layoff: 9,000 employees, 4% of total workforce, to be laid off

**NEW DEIHI, (Agency).** Technology Writer Microsoft is firing thousands of workers, its second mass layoff in months and its largest in more than two years.

The tech giant began sending out layoff notices Wednesday, affecting its Xbox video game business and other divisions.

The company declined to say how many people would be laid off but said that it will comprise less than 4% of the workforce it had a year ago.

Microsoft said the cuts will affect multiple teams around the world, including its sales division. "We continue to implement organisational changes necessary to best




position the company and teams for success in a dynamic marketplace," it said in a statement. Xbox CEO Phil Spencer also sent a memo to employees Wednesday stating that the cuts would position the video game business "for enduring success and allow us to focus on strategic growth areas." It would also "follow Microsoft's lead in removing layers of management to increase agility and effectiveness," Spencer wrote. Microsoft employed 228,000 full-time workers as of last June, the last time it reported its annual headcount. The company said Wednesday that its latest layoffs would cut close to 4% of that workforce, which would be about 9,000 people. But it has already had at least three layoffs this year, and it's unlikely that new hiring has matched the amount lost. Until now, this year's biggest layoff was in May, when Microsoft began laying off about 6,000 workers, nearly 3% of its global workforce and its largest job cuts in more than two years as the company spent heavily on artificial intelligence.

# इंडेक्स मेडिकल कॉलेज पर सीबीआई का छापा

## मान्यता रिन्यू कराने के लिए फर्जीवाड़ा के आरोप, देशभर में 40 संस्थानों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज पर बुधवार सुबह सीबीआई की टीम ने छापा मारा। आरोप है कि कॉलेज ने मान्यता रिन्यू कराने के लिए बड़ा फर्जीवाड़ा किया। निरीक्षण रिपोर्ट अनुकूल बनाने के लिए रिश्वत दी, ताकि मान्यता बरकरार रहे। सीबीआई ने देशभर में ऐसे 40 संस्थानों पर कार्रवाई की है। इसका सिलसिला रायपुर से शुरू हुआ था, वहीं से इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में भी गड़बड़ी के सुराग मिले। हालांकि, अभी सीबीआई ने किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

सूत्रों के अनुसार इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के अलावा जांच एजेंसी ने संचालक सुरेश भदौरिया और उनके बेटे मयंक के ऑफिस और तिलक नगर स्थित निवास पर भी जांच की। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि कॉलेज संचालकों ने वार्षिक मान्यता रिपोर्ट बेहतर बताने फर्जीवाड़ा कर रिश्वत दी और मान्यता का नवीनीकरण करवाया। नेशनल हेल्थ कमीशन की रिपोर्ट के बाद सीबीआई ने यह कार्रवाई की। इसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आ सकती है। इस संबंध में



कॉलेज प्रबंधन से बात की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। सीबीआई टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों की जानकारियां लेकर कॉलेज और अस्पताल के ऑफिस में भी दस्तावेज खंगाले। सुबह साढ़े 8 बजे तक सीबीआई के अधिकारी कॉलेज में जांच के बाद संचालकों से मिले।

### कमियों पर पर्दा डालने के लिए एनएमसी को दी रिश्वत

मेडिकल कॉलेज के लिए लेक्चर हॉल्स, प्रेक्टिकल लैब, लाइब्रेरी, कॉलेज के अस्पताल में बेड संख्या, फैकल्टी और स्टाफ आदि की संख्या के मानक तय है। एनएमसी की टीम सभी सुविधाओं का निरीक्षण करती हैं। एक बार मान्यता मिलने के बाद कॉलेज को हर साल एनएमसी को रिपोर्ट देनी होती है। अगर मानकों का पालन न हो, तो मान्यता रद्द की जा सकती है। कॉलेज ने इन्हीं कमियों को छुपाने के लिए रिश्वत दी।

### 55 लाख की रिश्वत के मामले में रायपुर में 6 आरोपी गिरफ्तार

उधर, नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा मेडिकल कॉलेज को 250 सीटों की मान्यता दिलाने के नाम पर 55 लाख की रिश्वत देने का मामला सामने आया है। सीबीआई ने 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार भी कर लिया है। बुधवार को सभी को रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया गया था।

# राजा की बहन को नरबलि की पोस्ट पड़ी महंगी

## असम पुलिस ने किया केस दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। देशभर में चर्चित राजा रघुवंशी मर्डर केस के आरोपी तो जेल की हवा खा रहे है, लेकिन राजा के परिजनों की मुश्किल भी कम नहीं हो रही है। राजा की बहन सृष्टि कंटेंट क्रिएटर है। राजा की हत्या के बाद उनसे कई पोस्ट सोशल मीडिया में डाली। उसमें से एक वीडियो में उसने असम में राजा की बलि से जुड़ी बात कही। उसमें असम के धार्मिक रीति रिवाजों का भी जिक्र किया। इस पोस्ट को आपत्तिजनक मानते हुए असम पुलिस ने राजा की बहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सृष्टि पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप है। पुलिस ने उसे नोटिस भी भेजा है और पूछताछ के लिए बुलाया है। राजा का शव मिलने के बाद सृष्टि ने अपने फेसबुक अकाउंट से कई पोस्ट अपलोड की थी। कुछ पोस्ट के व्यू लाखों में थे। एक पोस्ट में उनसे कहा कि सोनम ने असम में राजा की नरबलि दी है। यह पोस्ट भी वायरल हुई और असम पुलिस ने उस पर संज्ञान लेते हुए धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में केस दर्ज किया है। इस मामले में राजा के परिजनों का कहना है कि वे असम पुलिस से माफी मांगेंगे। राजा रघुवंशी के भाई विपिन ने सोनम पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। उसने कहा कि पुलिस ने सोनम के दो मंगलसूत्र बरामद किए है, जबकि हमने एक ही मंगलसूत्र दिया था। हमारे परिवार ने जो आभूषण दिए है। उसके फोटो भी हमने पुलिस को सौंपे है। विपिन को आशंका है कि राजा की हत्या करने के बाद सोनम इंदौर में आई थी। तब उसने प्रेमी राज से शादी की है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey Since 2002...

आँख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP ®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9111050101
9111050101
7312433667

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक